**कृषि विश्वविद्यालय, कोटा**
**अशैक्षणिक पदों पर सीधी भर्ती – 2023**

**स्टेनोग्राफर ग्रेड– III की फेज-2 की परीक्षा के संबंध में दिशा निर्देश**

1. कृषि विश्वविद्यालय, कोटा द्वारा अशैक्षणिक पदों पर सीधी भर्ती– 2023 के अंतर्गत स्टेनोग्राफर ग्रेड– III **की** फेज–II "अंग्रेजी/हिन्दी आशुलिपि परीक्षण (Hindi/English Shorthand Test)" परीक्षा दिनांक 21.01.2024 को आयोजित की जा रही है।
2. उक्त परीक्षा कोटा शहर में स्थित परीक्षा केंद्र पर ही पूर्व सूचित कार्यक्रमानुसार आयोजित की जावेगी।
3. परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए विश्वविद्यालय के भर्ती पोर्टल www.aukrecruitment2023.com में अपने लॉगिन आई डी पासवर्ड से लॉगिन कर प्रवेश पत्र डाउन लोड करना होगा।
4. प्रवेश पत्र डाउन लोड करने की सुविधा दिनांक 18-01-2024 सायं 5-00 से उपलब्ध करवाई जाएगी।
5. प्रवेश पत्र डाउन लोड करने से पूर्व फेज–2 की परीक्षा हेतु भाषा का विकल्प (हिन्दी/ अंग्रेजी) चुनना अनिवार्य होगा।
6. आशुलिपि परीक्षण हेतु उपयोग में लिये जाने वाले सॉफ्टवेयर से परिचित कराने हेतु अभ्यर्थियों के अभ्यास हेतु दिनांक 18-01-2024 सायं 5-00 से मौक टेस्ट का लिंक विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जायेगा।
7. परीक्षा के संबंध में सामान्य नियम, प्रश्न पत्र के स्वरूप परीक्षा की प्रक्रिया, मूल्याकन सम्बंधी मानदंड, अभ्यर्थियों के लिये दिशा–निर्देश निम्नानुसार होगे –

## आशुलिपि परीक्षण के सामान्य दिशा निर्देश


- अंग्रेजी/ हिन्दी अनुच्छेद का 10 मिनट का वाचन किया जाएगा जिसकी गति 100 शब्द प्रति मिनट रहेगी
- अभ्यर्थी अपनी चुनी हुयी भाषा में उस वाचन को सुनकर परीक्षा स्थल पर उपलब्ध कराई गई नोटबुक में संकेत लिपि में उसका श्रुत्तिलेखन करेगा।
- श्रुतलेख में अर्द्ध विराम को कोमा (,), पूर्ण विराम को स्टॉप तथा अनुच्छेद परिवर्तन (पैराग्राफ चेंज/नेक्स्ट पैराग्राफ) को पैरा बोला जाएगा।
- अभ्यर्थियों को हिन्दी/अंग्रेजी के प्रतिलेखन एवं टंकण कुल 1000 (100 शब्द प्रति मिनट/10 मिनट) शब्दों का होगा। अभ्यर्थी स्वयं द्वारा लिखे गये श्रुतिलेख का प्रतिलेखन एवं टंकण कम्प्यूटर पर करेगा।
- हिन्दी भाषा के लिये प्रतिलेखन एवं टंकण हेतु 70 मिनट का समय दिया जायेगा। अंग्रेजी भाषा के लिये प्रतिलेखन एवं टंकन हेतु 60 मिनट का समय दिया जायेगा।
- अंग्रेजी/हिन्दी में प्रत्येक सही शब्द पर 0.1 अंक निर्धारित होंगे।
- हिन्दी/अंग्रेजी में प्रत्येक अभ्यर्थी को न्यूनतम 36 अंक प्राप्त करना अनिवार्य है अन्यथा वह अनुर्तीर्ण माना जायेगा।

➢ अभ्यर्थियों द्वारा किये नये प्रतिलेखन एवं टंकण कार्य के मूल्यांकन हेतु अंकों की गणना प्रक्रिया में निम्नांकित त्रुटियों के अक नहीं दिये जायेगे : –

- गलत वर्ण, शब्द या अंक लिखना।
- वर्गों, शब्दों या अंको का छूटना।
- शब्दों या अंकों के स्थान पर दूसरे शब्दो या अकों का प्रतिस्थापन करना।
- वर्णो, शब्दों, अंको या पंक्ति की पुनरावृत्ति करना।
- विराम चिह्नों का गलत प्रयोग करना या गलत जगह प्रयोग करना।
- शब्द–अत्तराल में त्रुटि करना
- अग्रेजी में कैपिटल एवं स्माल लेटर का यथावत प्रयोग नहीं करना
- हिन्दी में मात्राओं का गलत प्रयोग करना

➢ अंग्रेजी प्रतिलेखन एवं टंकण के लिए ”Times New Roman” एवं हिन्दी के लिए ”DevLys 010” फोंट (Font) का प्रयोग किया जायेगा।

**Hindi Keyboard**




नोटः– यह की–बोर्ड केवल दृष्टांत रूप है, इसे DevLys 010 फोंट के अनुरूप चैक कर लेवें। की–बोर्ड (Keyboard) की कुछ Keys DevLys 010 फोंट के अनुरूप दृष्टांत से भिन्न (Different) हो सकती है। उक्त की–बोर्ड (Keyboard) एक उदाहरण हेतु उपयोग में लिया गया है, अभ्यर्थी को DevLys 010 हिन्दी फोंट ही हिन्दी प्रतिलेखन एवं टंकण हेतु उपयोग करना है।

➢ अभ्यर्थी को आशुलिपि परीक्षण की परीक्षा देना अनिवार्य है अन्यथा वह अनुत्तीर्ण माना जायेगा।

➢ परीक्षा शुरू होने से पहले अभ्यर्थी को दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लेना चाहिये तथा अपनी आवश्यक सूचनाओं की प्रविष्टि कम्प्यूटर पर ध्यानपूर्वक करें।

➢ अभ्यर्थी परीक्षा हॉल में अपनी जगह पर बैठने के पश्चात् कम्प्यूटर पर Login करके अभ्यास परीक्षण (Pratice Test) में अपने की–बोर्ड एवं माउस का परीक्षण करके सुनिश्चित कर लेवें कि की–बोर्ड एवं माउस पूर्ण रूप से सही कार्य कर रहें हैं अथवा नहीं तथा यह भी सुनिश्चित कर लेवें कि कम्प्यूटर सही ढंग से कार्य कर रहा है अथवा नहीं। परीक्षा शुरू होने के पूर्व उपरोक्त के बारे में अभिजागर को सूचित नहीं करने की दशा में सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।

➢ आशुलिपि परीक्षण हेतु विशेष रूप से बनाये गये सॉफ्टवेयर का ही उपयोग किया जायेगा।

➢ अभ्यर्थी द्वारा एक बार टेस्ट शुरू करने के बाद व सीधा पूर्ण समय होने के बाद ही रूकेगा, अतः अभ्यर्थी इस बात का ध्यान रखें कि समय को नष्ट किये बगैर दिये गये दिशानिर्देशानुसार पूर्ण रूप से सही टाईप/प्रविष्टियाँ करने की कोशिश करें।

- परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, मोबाइल फोन इत्यादि का प्रयोग वर्जित रहेगा।
- अभ्यर्थी अपना कोई की–बोर्ड एवं कोई की बोर्ड स्टीकर साथ लेकर नहीं आयें। परीक्षा में किसी भी प्रकार के की–बोर्ड स्टीकर की अनुमति नहीं है।
- कम्प्यूटर पर ऑनलाइन परीक्षा से पूर्व अथवा परीक्षा समय में परीक्षा सॉफ्टवेयर के अतिरिक्त किसी अन्य सॉफ्टवेयर को नहीं खोले अन्यथा इससे होने वाली समस्या के आप स्वय जिम्मेदार होंगे।
- परीक्षा के दौरान Control (Ctrl) Key का उपयोग नहीं करें
- प्रतिलेखन एवं टंकण के समय यदि अभ्यर्थी ने किसी शब्द को गलत टंकित कर दिया है और यह उसमें सुधार करना चाहता है तो Back & Space का उपयोग कर उसे सुधार सकता है।
- प्रतिलेखन एवं टंकण के समय किसी भी प्रकार के Tools जैसे Spell Check/ Auto Correct इत्यादि का उपयोग वर्जित होगा। अत अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि दिये गये श्रुतलेख का ध्यानपूर्वक प्रतिलेखन एवं टकण करे।
- सम्पूर्ण आशुलिपि परीक्षण परीक्षा में माउस का उपयोग आवश्यकता होने पर किया जा सकता है।
- परीक्षा के दौरान अभ्यर्थी द्वारा जांच किये गये की–बोर्ड की कोई कुंजी (Key) काम नहीं करने की स्थिति में की–बोर्ड बदलने में लगे समय के एवज में अतिरिक्त समय नहीं दिया जायेगा।
- यदि किसी कारण से परीक्षा के दौरान कम्प्यूटर अथवा सॉफ्टवेयर काम करना बंद कर देता है तो अभिजागर को तुरंत सूचित करें जिसकी जाँच पश्चात् आवश्यकता पड़ने पर अभ्यर्थी को दूसरे कम्प्यूटर पर बैठाया जायेगा एवं पूर्व में अभ्यर्थी द्वारा किये गये रक्षित (Saved) कार्य से पुनः कार्य प्रारम्भ कराया जायेगा तथा सिस्टम से अभ्यर्थी को बाधित समय के आधार पर सिस्टम जनित Auto Grace Time (रियायत समय) दिया जायेगा।
- संकेत लिपि के अतरिक्त अन्य भाषा/लिपि में लिखे गए श्रुतलेख को नहीं जांचा जाएगा। नोटबुक में अभ्यर्थी को रोल नम्बर, हस्ताक्षर एवं वांछित प्रविष्टियाँ निर्धारित स्थान पर करनी होगी। श्रुतलेख लिखने हेतु नोटबुक परीक्षा स्थल पर उपलब्ध करायी जायेगी जिसे अभ्यर्थी को परीक्षा के उपरान्त अभिजागर को वापिस जमा कराना होगा। अभ्यर्थी श्रुतलेख हेतु पेन्सिल एवं रबर अपने साथ लेकर उपस्थित होवें।
- अभ्यर्थी लेब/परीक्षा कक्ष को परीक्षा उपरान्त वीक्षक की अनुमति से ही छोडेंगे।
- श्रुतलेख के समय किसी अभ्यर्थी को बोलने की अनुमति नहीं होगी यदि किसी के बोलने से व्यक्धान होता है तो अभ्यर्थी को परीक्षा से बाहर करते हुये उसे डिबार किये जानी की कार्यवाही की जा सकती है।
- किसी अभ्यर्थी/अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा के दौरान व्यवधान उत्पन्न करने पर अभ्यर्थी/अभ्यर्थियों को परीक्षा से बाहर करते हुये उसे/उन्हें डिबार किये जाने की कार्यवाही की जा सकती है।
- परीक्षा स्थल पर वीक्षक द्वारा मौखिक अथवा ऑडियों सिस्टम द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों की पालना अभ्यर्थियों को आवश्यक रूप से करनी होगी।
- परीक्षार्थी के एक बार परीक्षा कक्ष/लेब में प्रवेश करने के पश्चात् उसे परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा कक्ष/लेब छोड़ने की अनुमति नही होगी।
- अभ्यर्थी आशुलिपि परीक्षण के प्रत्येक गतिविधि हेतु निर्धारित समय सीमा का ध्यान रखें अन्यथा निर्धारित समय समाप्त होने के पश्चात गतिविधि की समय सीमा स्वतः ही समाप्त हो जायेगी एवं न ही उसके लिये कोई अतिरिक्त समय दिया जायेगा।